# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 30 अगस्त, 2023** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

## स्वाट टीम व थाना सिकन्द्राबाद पुलिस की कार सवार लुटेरो से हुई मुठभेड़, क्रॉस फायरिंग में लूट करने वाले 02 शातिर अपराधी घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, प्रतिबन्धित नशीली गोलीयाँ,मोबाईल व कार बरामद।

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 29/30.08.2023 की रात्रि में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम गुलावठी अण्डरपास के नीचे संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी कि उसी समय एक अभिसूचना प्राप्त हुई की कुछ संदिग्ध अपराधी वैगनार कार में बुलन्दशहर की ओर से आ रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरटी सैट के जरिये सभी पीआरवी, पीसीआर व फैण्टम मोबाइल को वैगनार कार की घेराबंदी करने हेतु निर्देशित कर गुलावठी अण्डरपास के पास बुलन्दशहर की ओर से आने वाले वाहनों/व्यक्तियों की चैकिंग करने लगे। कुछ समय पश्चात बुलन्दशहर की तरफ से एक वैगनार कार आती दिखायी दी जिसको रुकने का इशारा किया गया तो कार सवार बदमाश तेज गति से गुर्जर चौक की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर कार सवार बदमाशों को गुलावठी ओवर ब्रिज के सर्विस रोड के पास कांवरा रोड पर घेर लिया गया। बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख कार से उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश गोली लगने से घायल हो गये तथा 01 बदमाश भागने में सफल रहा जिसकी कॉम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1.वसीम पुत्र फैजान निवासी अमीनगर सराय थाना सिधावली अहीर जनपद बागपत। 2. शोएब पुत्र मुख्तयार अहमद निवासी 210/1 विश्वास नगर भीम गली छोटा बाजार शहादरा, दिल्ली। के रूप में हुई हैं। घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, 02 मोबाइल फोन, कार व प्रतिबन्धित नशीली गोलीयाँ बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे/अपराधी हैं जिनके द्वारा दिनांक 16.08.2023 एक लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 518/23 धारा 392 भादवि पंजीकृत है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. वसीम पुत्र फैजान निवासी अमीनगर सराय थाना सिधावली अहीर जनपद बागपत।
2. शोएब पुत्र मुख्तयार अहमद निवासी 210/1 विश्वास नगर भीम गली छोटा बाजार शहादरा दिल्ली।

**बरामदगी-**

1. 02 तमंचा 315 बोर मय 06 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस।
2. लूट से सम्बंधित 01 वैगनार कार (डीएल 4सी-एएम-1706)
3. 600 प्रतिबंधित नशीली गोलियाँ।
4. 02 मोबईल फोन।

**अभियुक्त वसीम का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं-293/11 धारा उ0प्र0 गुंडागर्दी नियंत्रण अधि0 थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
2. मुअसं-584/11 धारा 307 भादवि थाना हापुरनगर जनपद हापुड़।
3. मुअसं-585/11 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना हापुरनगर जनपद हापुड़।
4. मुअसं-518/23 धारा 392 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं-551/23 धारा 307 भादवि, धारा 3/25/27 अर्म्स एक्ट व 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

## अभियुक्त शोएब का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं-518/23 धारा 392 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं-551/23 धारा 307 भादवि, धारा 3/25/27 अर्म्स एक्ट व 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री राजपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।
2. उ0नि0 विनोद कुमार,उ0नि0 महक सिंह बालियान,उ0नि0 ज्ञानेश कुमार ,उ0नि0 सुमित कुमार।
3. है0का0 राजन सिंह, है0का0 सतीश कुमार, है0का0 नीरज राठी, है0का0 शीतलदेव, है0का0 विपिन कुमार, का0 प्रदीप कुमार।

## स्वाट टीम-

1. उ0नि0 राहुल चौधरी।
2. है0का0 अशोक, है0का0 अशोक कुमार, है0का0 मनोज दीक्षित, का0 मनीष त्यागी।

**मीडिया सेल बुलंदशहर**